


वर्ष 3 | अंक 9 | जनवरी–मार्च 2012

## मंडल रेल प्रबंधक का संदेश



पूर्वोत्तर के नागालैण्ड, मणिपुर, त्रिपुरा मिजोरम तथा असम के बराक घाटी में यात्री यातायात एवं माल परिवहन दोनों क्षेत्रों में लामडिंग मंडल की भूमिका अहम है। मंडल कड़ी चुनौतियों एवं विषम प्रतिकूल परिस्थितियों में भी क्षेत्र में यातायात जारी रखने के लिए कृत संकल्प है।

मंडल ने 30 मार्च 2012 को बी.जी. से एम.जी. में 85 बी.जी. वैगन के यानांतरण का सर्वोच्च रिकॉर्ड प्राप्त किया है। इस दौरान मंडल में बी.जी. से एम.जी. में यानांतरण का सर्वाधिक औसत 55.08 बी.जी. वैगन रहा जो वर्ष 2006 के अगस्त माह के सर्वाधिक औसत 52 बी.जी. वैगन से अधिक है। मीटर गेज के डिरेलमेंट में कमी तथा यानांतरण में निरंतर वृद्धि पूर्व के सभी रिकार्ड को तोड़ा है। उम्मीद की जाती है कि मंडल इस उपलब्धि को बनाए रखते हुए वर्ष 2012–2013 में इससे भी बेहतर निष्पादन का लक्ष्य प्राप्त करेगा। गत वर्ष की समान अवधि की 72 प्रतिशत समयपालन की तुलना में मार्च 2012 में 95 प्रतिशत समयपालन का लक्ष्य हासिल किया गया। यह आशा की जाती है कि आने वाले समय में मंडल में समयपालन के क्षेत्र में शत–प्रतिशत की उपलब्धि हासिल होगी।

मंडल की तिमाही गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का नियमित प्रकाशन हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। इससे मंडल में राजभाषा के प्रयोग–प्रसार को निरंतर बढ़ावा मिलेगा तथा रेलकर्मियों में हिंदी के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर राजभाषा के प्रयोग–प्रसार में सहयोगी सिद्ध होगी।

मंडल रेल प्रबंधक ■

## अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.........

रेलों पर संघ की राजभाषा नीति का प्रयोग–प्रसार बढ़ाना हमारी संवैधानिक जिम्मेवारी है और देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाली इस राजभाषा व राष्ट्रभाषा 'हिंदी' को संपूर्ण राष्ट्र के जन–जन की भाषा बनने में सहयोगी होना हमारा नैतिक कर्तव्य भी है। मंडल की त्रैमासिक गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' के 9वें अंक के माध्यम से मंडल की विशिष्ट गतिविधियों की जानकारी आप तक पहुँचाने का हमारा प्रयास जारी है। आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि मंडल की यह पत्रिका राजभाषा के प्रयोग–प्रसार के साथ–साथ रेलों में इसके कार्यान्वयन में भी नई दिशा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

पत्रिका अपने लक्ष्य की ओर सदैव अग्रसर रहे यही मेरी कामना है।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी ■

## 63वें गणतंत्र दिवस का पालन

26 जनवरी 2012 को स्थानीय विवेकानंद स्टेडियम में 63वें गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े धूम–धाम से किया गया। रेल सुरक्षा बल, रेल सुरक्षा विशेष बल, रेल स्कूल के बच्चे तथा भारत स्काउट एंव गाइड के मार्चफास्ट परेड के पश्चात् श्री राकेश गोयल, मंडल रेल प्रबंधक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने महाप्रबंधक के गणतंत्र दिवस संदेश के माध्यम से पूर्वोत्तर सीमा रेल की उपलब्धियों एवं विविध गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।



63वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर परेड को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक

63वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मंडल रेल चिकित्सालय, लामडिंग में रक्त–दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल ने की। ''रक्त–दान जीवन–दान'' होता है। रेल कर्मचारियों को रक्त–दान के प्रति जागरूक तथा प्रेरित करने हेतु इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल ने स्वयं रक्त–दान किया। इसके बाद 14 रेल कर्मचारियों ने भी स्वेच्छा से अपना रक्त दान किया।



मंडल रेल अस्पताल, लामडिंग में रक्त–दान शिविर का उद्घाटन करते हुए
श्री राकेश गोयल, मंडल रेल प्रबंधक

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल ने मंडल रेल चिकित्सालय, लामडिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रोगियों से मिलकर उनका हाल–चाल पूछा तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग ने भी 63वें गणतंत्र दिवस का पालन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया। इस अवसर पर संगठन के कार्यालय, ज्ञान दीप तथा परिसर में स्थित रवीन्द्र नर्सरी में ध्वजारोहण किया गया और स्कूली बच्चों में फल– मिठाईयाँ बांटी गई। श्रीमती गोयल ने संगठन के सदस्यों के साथ मंडल रेल अस्पताल, लामडिंग का दौरा किया और इसमें चिकित्साधीन रोगियों में फल एवं वस्त्र का वितरण किया।



मंडल चिकित्सालय में रोगियों में फल–वस्त्र का वितरण करती हुई श्रीमती गोयल, अध्यक्षा, मंडल रेल महिला कल्याण संगठन

## अगरतला में उच्च स्तरीय समिति की बैठक

13 फरवरी 2012 को त्रिपुरा सरकार द्वारा रेलवे से संबंधित विषयों पर अगरतला में एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। माननीय मंत्री (राजस्व, वित्त एवं लोक निर्माण विभाग), माननीय मंत्री (परिवहन), माननीय सांसद, मुख्य सचिव, सचिव(परिवहन), सचिव(राजस्व), महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) तथा राज्य सरकार के अन्य विशिष्ट पदाधिकारियों सहित त्रिपुरा सरकार के कई उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक बैठक में शामिल हुए।



अगरतला में आयोजित उच्च स्तरीय समिति की बैठक का एक दृश्य

इस बैठक में रेलवे की ओर से श्री अरविन्द सिवरे, मुख्य प्रशा· अधिकारी/निर्माण, श्री मोहन लाल, मुख्य इंजीनियर /निर्माण, श्री सतीश कोठारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक/ लामडिंग सहित मुख्यालय/निर्माण संगठन एवं मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। माननीय मंत्री (राजस्व, वित्त एवं लोक निर्माण विभाग) ने त्रिपुरा क्षेत्र में खाद्यान्न के यानांतरण में वृद्धि एवं उन्नत यात्री तथा किराया सेवाओं आदि में पूर्वोत्तर सीमा रेल द्वारा की गई महत्वपूर्ण सुविधाओं की भूरी–भूरी प्रशंसा की। प्रेस एवं मिडिया द्वारा इस बैठक का व्यापक कवरेज किया गया।

## यात्री सेवा समिति का दौरा

यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान कराने के लिए रेल सर्वदा वचनबद्ध है। इसके मद्देनजर समय–समय पर यात्री सेवा समिति विभिन्न स्टेशनों का दौरा कर यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं का जायजा लेती रहती है। इसी क्रम में 26 एवं 27 फरवरी 2012 को यात्री सेवा समिति के अध्यक्ष श्री ज्वाकिम बक्सला के नेतृत्व में चार सदस्यों की एक समिति ने लामडिंग मंडल के गुवाहाटी तथा कामाख्या स्टेशनों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष तथा सदस्यों ने उक्त स्टेशनों पर कार्यरत रेल कर्मियों, विविध स्टॉलों के विक्रेताओं तथा फेरिवालों सहित रेल यात्रियों से विचार–विमर्श किया। इस दौरान लामडिंग मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सतीश कोठारी भी मौजूद थे। समिति ने 27 फरवरी 2012 को पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया और 28 फरवरी 2012 को समिति ने पूर्वोत्तर के राज्यों में पर्यटन के विकास की संभावनाओं पर विचार–विमर्श करने हेतु आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए शिलांग का दौरा किया।



गुवाहाटी स्टेशन का निरीक्षण करते हुए यात्री सेवा समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यगण साथ में श्री सतीश कोठारी, अमंरेप्र, लामडिंग

## चुनाव स्पेशल विशेष रेलगाड़ी

लामडिंग मंडल ने विधानसभा चुनाव के दौरान 16 विशेष चुनाव स्पेशल रेलगाड़ियों का सफलतापूर्वक संचालन किया। इनमें से 11 विशेष चुनाव स्पेशल रेलगाड़ियों को 29 जनवरी से 31 जनवरी 2012 के बीच चलाया गया जिसमें 9 चुनाव स्पेशल रेलगाड़ियॉ डिमापुर स्टेशन से तथा 2 चुनाव स्पेशल रेलगाड़ियॉ लामडिंग स्टेशन से चलाई गई। इस दौरान सेना एवं विभिन्न पैरा मिलिटरी बलों के साथ विशेष समन्वय स्थापित किया गया और खानपान, सफाई, जलापूर्ति एवं चार्जिग आदि सेवाओं के साथ–साथ समयपालन को ध्यान में रखते हुए सवारी डिब्बों में विद्युतीय एवं यॉत्रिकी रख–रखाव की व्यवस्थाएं सुनिंश्चित करवाए गए। इस अतिरिक्त कार्य से मंडल ने 2.52 करोड़ रूपए का अर्जन किया।

## जीपीएस आधारित स्पीडो मीटर

कोचिंग डिपो, गुवाहाटी में दिनांक 17.01.2012 को निरीक्षण यान सं. 81951 में जीपीएस आधारित स्पीडो मीटर लगाया गया। वर्तमान के इलैक्ट्रॉनिक अनालॉग स्पीडो मीटर से सटीकता, विश्वसनीयता तथा भविष्य की संभावनाओं के आधार पर वातानुकूलित डिब्बों में यात्रियों से संबंधित सूचना के प्रदर्शन में जीपीएस आधारित स्पीडो मीटर काफी बेहतर है।

## अनारक्षित टिकट प्रणाली का विस्तार

यात्रियों के लिए रेल टिकट जारी करने की प्रणाली में सुधार करते हुए लेखा–जोखा एवं जवाबदेही आदि में पारदर्शिता लाने हेतु मंडल के हाल्ट स्टेशनों तथा बंद स्टेशनों को छोड़कर अन्य सभी स्टेशनों में वी–सेट आधारित अनारक्षित टिकट प्रणाली का विस्तार किया गया है। अवधि के दौरान मंडल के रूपहीगॉव, दामचेरा, लंगाई, तिलभूम, रंगापहाड़ क्रासिंग, अलगापुर, बेबेजिया, जखलाबंधा, धिंगबजार आदि स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली की स्थापना की गई। इस प्रकार मंडल के सभी 110 स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली की स्थापना का कार्य पूरा कर सभी दिशाओं के लिए टिकटों को उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करायी गई जिससे मंडल में टिकटों की बिक्री तथा यात्री आय में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है।

## गैर रेल हेड यात्री आरक्षण प्रणाली का शुभारंभ

रेल नेटवर्क से दूर स्थित महत्वपूर्ण शहरों के नागरिकों को रेल यात्रा के लिए आकर्षित करने तथा उन्हें आरक्षण की सुविधा प्रदान करने हेतु मंडल में गैर रेल हेड यात्री आरक्षण प्रणाली का विस्तार किया जा रहा है। इसके तहत माननीय परिवहन मंत्री, मिजोरम ने 09 मार्च, 2012 को राज्य के कोलाशिब में तथा 29 मार्च, 2012 को माननीय मुख्यमंत्री, मिजोरम ने राज्य के सर्छिप में गैर रेल हेड यात्री आरक्षण प्रणाली का शुभारंभ किया। 26 मार्च, 2012 को सिलचर के घुंगूर में गैर रेल हेड यात्री आरक्षण प्रणाली का शुभारंभ किया गया।



माननीय मुख्यमंत्री, मिजोरम ने राज्य के सर्छिप में गैर रेल हेड यात्री आरक्षण प्रणाली का शुभारंभ कर टिकट जारी करते हुए।

## समपार फाटकों को मानवयुक्त किया जाना एवं मानवरहित समपार फाटकों को बंद करना

संरक्षा की दृष्टि से मानवरहित समपार फाटक काफी संवेदनशील होते हैं। मानवरहित समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाएं काफी गंभीर होती हैं। इनमें जान–माल दोनों की हानि बड़े पैमाने पर होने की संभावना बनी रहती हैं। वर्ष 2011–2012 के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अवधि के दौरान कुल 17 समपार फाटकों को मानवयुक्त किया गया और कुल 13 मानवरहित समपार फाटकों को बंद किया गया।

" हिंदी वह भाषा है, जो विभिन्न मातृभाषा रूपी फुलों को पिरोकर भारत के लिए सुन्दर हार का सृजन करती है" ।

– डॉ. जाकिर हुसैन

## मंडल का अर्जन

### विविध अर्जन की तुलनात्मक स्थिति —

वर्ष 2011 एवं 2012 के अंतिम तीन महिनों ( जनवरी - मार्च ) के दौरान हुए यात्री यातायात, अन्य कोचिंग, माल एवं विविध अर्जन की तुलनात्मक स्थिति

(अर्जन करोड़ रुपए में)




**यात्री अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जनवरी–मार्च 2012 के दौरान यात्रियों की संख्या में 679093 की वृद्धि होने के फलस्वरूप गत वर्ष के ₹ 84.75 करोड़ की तुलना में ₹ 94.50 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 9.75 करोड़ की वृद्धि हुई है।

**माल अर्जन :** मंडल में कोयला, खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। गत वर्ष की समान अवधि की ₹79.66 करोड़ की तुलना में जनवरी–मार्च 2012 में ₹ 83.14 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार माल अर्जन में कुल ₹ 3.48 करोड़ की वृद्धि हुई।

**अन्य कोचिंग अर्जन :** गत वर्ष की समान अवधि की ₹ 12.52 करोड़ की तुलना में जनवरी–मार्च 2012 में ₹ 13.05 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार माल अर्जन में कुल ₹ 0.53 करोड़ की वृद्धि हुई।

**अन्य विविध अर्जन :** जनवरी–मार्च 2012 के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध प्राप्तियों से ₹ 2.26 करोड़ का अर्जन हुआ।

## माल परिवहन

**बी.जी. लदान :** पिछले वर्ष की समान अवधि की 71.1 बी.जी. वैगन औसत प्रतिदिन लदान की तुलना में मार्च 2012 तक औसत प्रतिदिन लदान 73.5 बी.जी. वैगन रहा।

**एम.जी. लदाऩ :** पिछले वर्ष की समान अवधि की 41.9 एम. जी. वैगन औसत प्रतिदिन लदान की तुलना में मार्च 2012 तक औसत प्रतिदिन का लदान 45.5 एम.जी. वैगन रहा।

**यानांतरण :** पिछले वर्ष की समान अवधि की औसत प्रतिदिन 39.3 वैगन बी.जी. से एम.जी. में यानांतरण की तुलना में मार्च 2012 तक औसत प्रतिदिन यानांतरण 45.9 वैगन रहा।

**हिल थ्रू पुट :** पिछले वर्ष की समान अवधि की 98.9 और 98.6 वैगन की तुलना में मार्च 2012 तक अप एवं डाउन दिशाओं में हिल थ्रू पुट क्रमशः 112.7 और 113.2 वैगन रहा।

## अंतर रेल फुटबॉल प्रतियोगिता

फरवरी, 2012 के दौरान वाराणसी में संपन्न अंतर रेल फुटबॉल प्रतियोगिता में पहली बार पूर्वोत्तर सीमा रेल ने दक्षिण पूर्व रेल को 2–0 से हराकर चैम्पीयन ट्रॉफी जीता। उल्लेखनीय है कि पूर्वोत्तर सीमा रेल के इस टीम में लामडिंग मंडल के सात खिलाड़ी शामिल थे। मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल ने उक्त चैम्पीयन ट्रॉफी जीतने पर मंडल के इन खिलाड़ियों को बधाई दी और उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया।



अंतर रेल फुटबॉल प्रतियोगिता में मंडल के विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित करते मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

मंडल में रेल कर्मचारियों तथा उनके परिजनो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर बीमारियों से मुक्त वातावरण तैयार कर स्वस्थ परिवेश को बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसके तहत मंडल में 19 फरवरी को आयोजित पल्स पोलियो कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई तथा 2 मार्च को चापरमुख स्वास्थ्य केन्द्र में बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य जॉच कैंप का आयोजन कर रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जॉच की गई।



पोलियो कार्यक्रम के दौरान बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाती हुई डा. स्वपना दैमारी, अ.मु.चि.अधी., लामडिंग

## कार्मिक कल्याण

मंडल में जनवरी–मार्च 2012 की अवधि में समूह 'ग' में स्काउट एवं गाइड के 2 उम्मीदवारों, टैलेंट स्काउटिंग (फुटबॉल) के तहत 2 उम्मीदवारों तथा अनुकम्पा के आधार पर समूह 'घ' में 44 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवधि में सेवानिवृत्ति के कुल 105 मामलों का निपटान किया गया।



सेवानिवृत्ति के लिए आयोजित निपटारा बैठक का एक दृश्य

## राजभाषा की गतिविधियाँ

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

मंडल में 21 फरवरी 2012 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित विविध मदों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। मंडल में राजभाषा का प्रयोग बढ़ाने तथा दैनिक कामकाज में राजभाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने के संबंध में सदस्यों ने अपने–अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। बैठक का कार्यवृत्त 29 फरवरी 2012 को जारी किया गया।

- जनवरी–मई 2012 सत्र में लामडिंग, बदरपुर तथा गुवाहाटी क्षेत्र में आयोजित होने वाली हिंदी प्रवीण तथा प्राज्ञ परीक्षाओं के लिए कुल 72 कर्मचारियों से परीक्षा फार्म भरवाए गए। इस प्रकार मंडल में हिंदी भाषा प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलवाने का प्रयास जारी है।
- अवधि में विभिन्न कार्यालयों/स्टेशनों में आयोजित टेबल ट्रेनिंग, हिंदी कार्यशाला तथा मॉनिटरिंग के माध्यम से कुल 127 कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के अभ्यास करवाए गए।

## राज्य रानी एक्सप्रेस का शुभारंभ

धुबड़ी एवं सिलघाट टाऊन के मध्य रेल यातायात को सुगम बनाने के मद्देनजर तथा रेल बजट के प्रावधान के अनुरूप 11 एवं 12 फरवरी 2012 को 15817, धुबड़ी–सिलघाट टाऊन रेल गाड़ी को चलाया गया। राज्य रानी एक्सप्रेस नई रेलगाड़ी (संख्या 15818/15817) की नियमित सेवाएं 15 फरवरी 2012 से प्रारंभ किया गया। इस रेल गाड़ी के प्रारंभ किए जाने से क्षेत्र में यात्री यातायात को बढ़ावा मिला है।



" मेरा लक्ष्य संसार से मैत्री है और मैं अन्याय का प्रवलतम विरोध करते हुए भी दुनिया को अधिक से अधिक स्नेह दे सकता हूँ "

– 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी

संरक्षक
राकेश गोयल
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
सतीश कोठारी
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
बलदेव सिंह
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय
आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी